## हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम घोषित

# राज्य प्रावीण्य सूची:10वीं में छह व 12वीं में एक विद्यार्थी रहा शामिल















हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हाईस्कूल में प्रदेश की टॉप 10 सूची में नगर की 6 छात्राओं सहित एक छात्र ने स्थान प्राप्त कर जिले सहित नगर का नाम रोशन किया है। वहीं हायर सेकंडरी की राज्य प्रावीण्य सूची में भी नगर की एक छात्रा ने अपना स्थान बनाया है।

यहां उल्लेखनीय है कि बुधवार को हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में प्रदेश की टॉप 10 सूची में नगर के नवांकुर विद्यापीठ एवं डॉल्फिन स्कूल के विद्यार्थियों सहित सरस्वती शिशु मंदिर, रतनबाई जैन उमावि, आचार्य विद्यावैली उमावि के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं हायर सेकंडरी की प्रदेश सूची में सेंट एसआरएस स्कूल की छात्रा ने स्थान अर्जित किया है।







प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईस्कूल परीक्षा परिणाम की प्रदेश सूची में कु सुहानी भदौरिया पुत्री महेंद्र सिंह भदौरिया, नवांकुर स्कूल ने 500 में से 496 अंक प्राप्त कर प्रदेश की सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया, गौरव कुशवाह पुत्र कमल सिंह नवांकुर स्कूल के छात्र ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया, कु सौम्या भार्गव पुत्री अनिल भार्गव सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया, कु उपासना जाट पुत्री भगत सिंह जाट एवं मनन सुमन पुत्री कमल सिंह सुमन डॉल्फिन स्कूल की छात्रा ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया, सृष्टि अहिरवार पुत्री धनीराम आचार्य विद्या वैली की छात्रा ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर नवां स्थान प्राप्त किया, कु निहारिका पंथी पुत्री ऋषिकांत पंथी रतनबाई स्कूल की छात्रा ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर नोवा स्थान प्राप्त किया, कु भाविका राठौर पुत्री तखत सिंह राठौर डॉल्फिन स्कूल की छात्रा ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। सभी को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

वहीं हायर सेकंडरी के परीक्षा परिणाम में नगर के सेंट एस आर एस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कु तान्या शर्मा पुत्री राम अवतार शर्मा ने गणित संकाय में राज्य की प्रवीण सूची में नौवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्टाफ की ओर से तान्या को उज्जवल भविष्य की बहुत-बहुत मंगल कामनाएं दी गईं और सफल विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को पुष्पहार पहनाकर उनका सम्मान किया गया।

**एमपी बोर्ड: हायर सेकेंडरी में 79.81% और हाईस्कूल में 75.46% रिजल्ट**

# प्रदेश की मेरिट में 26 सितारे बेटियों का जलवा बरकरार

विदिशा @ पत्रिका. माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में इस बार हायर सेकंडरी में 79.81%, तो हाईस्कूल में 75.46 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पहली बार राज्य की मेरिट में कक्षा 12वीं के 11 और कक्षा 10वीं के 15 विद्यार्थी विदिशा जिले के हैं। इनमें सबसे ज्यादा बेटियां शामिल हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार हायर सेकंडरी के परीक्षा परिणाम में 5.18 फीसदी और हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 1 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले वर्ष जिले में हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 74.63 प्रतिशत और हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 74.46 रहा था।

## सरकारी स्कूलों से पिछड़े निजी स्कूल

जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा दसवीं के 82.55 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि निजी स्कूलों 68.11 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हो सके। इसी तरह सरकारी स्कूलों में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले 85.88 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जबकि निजी स्कूलों में कक्षा 12वीं पढ़ने वाले 72.68 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

## उत्कृष्ट रहा उत्कृष्ट स्कूल का परिणाम

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। हायर सेकंडरी परीक्षा में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाया। कॉमर्स संकाय के छात्र रौनक जैन पिता कैलाश जैन ने 486 अंक (97.2 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। गणित संकाय की छात्रा अनुजा यादव पिता बद्री प्रसाद यादव ने 486 अंक (97.02प्रतिशत) के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं, जीव विज्ञान संकाय की छात्रा रौनक यादव पिता विक्रम सिंह यादव ने 482 अंक (96.4 प्रतिशत) प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में हाई स्कूल परीक्षा में कक्षा 10वीं के छात्र आदर्श राजपूत ने 493 अंक प्राप्त कर राज्य स्तरीय मेरिट में सातवां स्थान अर्जित किया। विद्यालय के प्राचार्य खजान सिंह ने बताया कि कक्षा 12वीं में कुल 279 में से 266 विद्यार्थी (95.34 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए, जिनमें 260 प्रथम श्रेणी एवं 6 द्वितीय श्रेणी में रहे। वहीं, कक्षा 10वीं में कुल 230 में से 228 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 223 प्रथम श्रेणी एवं 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।



विदिशा. अच्छे परिणाम के बाद खुशी से उछलती छात्राएं।

## राज्य स्तरीय मेरिट सूची में कक्षा 12वीं के ये होनहार

### जीव विज्ञान संकाय

| विद्यार्थी | पिता | रैंक | प्राप्तांक | स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| कृष्णम नेमा | ऋषिकेश नेमा | 6 | 486 | शा.मॉडल उ.मा.वि. सिरोंज |
| रितिका रघुवंशी | गजेंद्र रघुवंशी | 8 | 484 | साकेत शिशू रंजन स्कूल. विदिशा |
| अनुवंश सक्सेना | आदेश कुमार सक्सेना | 10 | 482 | द एमीनेन्ट स्कूल. विदिशा |
| रौनक यादव | विक्रम सिंह यादव | 10 | 482 | उत्कृष्ट स्कूल. विदिशा |

### गणित विज्ञान संकाय

| विद्यार्थी | पिता | रैंक | प्राप्तांक | स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| अनुजा यादव | बद्रीप्रसाद यादव | 7 | 486 | उत्कृष्ट विद्यालय. विदिशा |
| तान्या शर्मा | रामअवतार शर्मा | 9 | 484 | सेंट एसआरएस स्कूल. गंजबासौदा |
| देवांशी कुशवाहा | सुरजनसिंह कुशवाहा | 9 | 484 | शाउमावि स्कूल. गुलाबगंज |
| अंकिता किरार | सौभाग्यसिंह किरार | 9 | 484 | रामकृष्ण स्कूल. विदिशा |

### वाणिज्य संकाय

| विद्यार्थी | पिता | रैंक | प्राप्तांक | स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| रौनक जैन पुत्र | कैलाश नारायण जैन | 5 | 486 | उत्कृष्ट विद्यालय. विदिशा |
| वेदिका नेमा | शिवकुमार नेमा | 7 | 484 | शाउमावि. सिरोंज |
| विशाखा शर्मा | सुनील शर्मा | 8 | 483 | सरस्वती स्कूल. विदिशा |

## राज्य स्तरीय मेरिट सूची में कक्षा 10वीं के ये होनहार

| विद्यार्थी | पिता | रैंक | प्राप्तांक | स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| सुहानी भदौरिया | महेंद्र भदौरिया | 4 | 496 | नवांकुर विद्यापीठ, तहसील गंजबासौदा |
| गौरव कुशवाहा | कमलसिंह कुशवाहा | 5 | 495 | नवांकुर विद्यापीठ, तहसील गंजबासौदा |
| सौम्या विश्वकर्मा | विनोद विश्वकर्मा | 6 | 494 | नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शमशाबाद |
| निधि दांगी | रामपालसिंह दांगी | 6 | 494 | सरस्वती शिशु मंदिर, सिरोंज |
| सौम्या भार्गव, | अनिल भार्गव | 7 | 493 | सरस्वती शिशु मंदिर, गंजबासौदा |
| आदर्श राजपूत | धरतसिंह राजपूत | 7 | 493 | शा.मॉडल उ.मा.वि. विदिशा |
| उपासना जाट | भगतसिंह जाट | 8 | 492 | डॉल्फिन स्कूल, गंजबासौदा |
| मनन सुमन | कमलसिंह सुमन | 8 | 492 | डॉल्फिन स्कूल, गंजबासौदा |
| अविति चौबे | दीपक चौबे | 8 | 492 | ज्ञानगंगा अकादमी, अटारीखेजड़ा |
| सृष्टि अहिरवार | धनीराम अहिवार | 9 | 491 | आचार्य विद्यावैली स्कूल, गंजबासौदा |
| वणिका गुप्ता | राजेश गुप्ता | 9 | 491 | ज्ञानोदय स्कूल, गुलाबगंज |
| निहारिका पंथी | ऋषिकांत पंथी | 9 | 491 | रतनबाई जैन, गंजबासौदा |
| भाविका राठौर | लखतसिंह राठौर | 10 | 490 | डॉल्फिन स्कूल, गंजबासौदा |
| गौरी नामदेव | उमेश नामदेव | 10 | 490 | ज्ञानोदय स्कूल, गुलाबगंज |
| सोनम यादव | अरविंद यादव | 10 | 490 | शा.उ.मा.वि.गरेंठा, सिरोंज |

# दस वर्षों में 10वीं का 13 और 12वीं का तीन फीसद बढ़ा परीक्षा परिणाम

## 10वीं में 75.46 और 12वीं में 79.81 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

नवदुनियां प्रतिनिधि, विदिशा: बुधवार का दिन जिले में स्कूली बच्चों के नाम रहा। सुबह के समय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए और शाम को अचानक सीबीएसई ने कक्षा दसवीं का भी परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिया। जिसके चलते सफल विद्यार्थियों में जश्न का माहौल रहा। एमपी बोर्ड की कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 75.46 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2016 के 62.73 से करीब 13 फीसद अधिक रहा। वहीं कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 79.81 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2016 में 77.05 से लगभग तीन प्रतिशत अधिक रहा है।

कक्षा दसवीं में जिले में 13542 नियमित परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 10220 उत्तीर्ण हुए और परिणाम 75.46 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1 प्रतिशत अधिक है। स्वाध्यायी श्रेणी में 4111 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 971 उत्तीर्ण हुए। शासकीय विद्यालयों का परिणाम 82.55 प्रतिशत तथा अशासकीय विद्यालयों का 68.11 प्रतिशत दर्ज किया गया। इधर, हायर सेकेंडरी परीक्षा में जिले से 11095 नियमित परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 8855 उत्तीर्ण हुए और परिणाम 79.81 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष से 5.18 प्रतिशत अधिक है। स्वाध्यायी श्रेणी में कुल 1891 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 627 उत्तीर्ण हुए। शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों का परिणाम 85.88 प्रतिशत तथा अशासकीय विद्यालयों का परिणांम 72.68 प्रतिशत रहा।

**कायम रहा छात्राओं का दबदबा:** दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में इस बार भी छात्रों की तुलना में छात्राओं का दबदबा कायम रहा। दसवीं में कुल 7022 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 5705 सफल हुई है। वहीं 6520 छात्रों में से 4515 छात्र पास हुए है। वहीं कक्षा 12 व्रीं में कुल 6218 छात्राओं में से 5112 छात्राएं पास हुई है। 4877 छात्रों में से 3743 छात्र उत्तीर्ण हुए है।

**कक्षा दसवीं में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में शामिल विद्यार्थी:** सुहानी भदौरिया (अशास. नवांकुर विद्यापीठ उ.मा.वि., बासौदा), गौरव कुशवाह (अशास. नवांकुर विद्यापीठ उ.मा.वि., बासौदा), सौम्या विश्वकर्मा (अशास. नूतन उ.मा.वि., शमशाबाद), निधि दांगी (अशास. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि., सिरोंज), सौम्या भार्गव (अशास. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि., गंजबासौदा), आदर्श सिंह राजपूत (शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., विदिशा), उपासना जाट (अशास. डॉल्फिन दा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हाईस्कूल, बरेठ रोड, गंजबासौदा),मनन सुमन (अशास. डॉल्फिन दा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हाईस्कूल, बरेठ रोड, गंजबासौदा), अदिति चौबे (अशास. ज्ञान गंगा अकादमी, अटरीखेजड़ा,), सृष्टि अहिरवार (अशास. आचार्य विद्यावैली उ.मा.वि., गंजबासौदा), कु. वाणीका गुप्ता (अशास. ज्ञानोदय उ.मा.वि., गुलाबगंज), निहारिका पंथी (अशास. श्रीमती रतन बाई जैन उ.मा.वि., बासौदा),. भाविका राठौर (अशास. डॉल्फिन दा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हाईस्कूल, बरेठ रोड, गंजबासौदा), गौरी नामदेव (अशास. ज्ञानोदय स्कूल, गुलाबगंज) सोनम यादव, शासकीय स्कूल गरेठा।

**12 वी की प्रदेश स्तरीय प्रवीण्य सूची में शामिल विद्यार्थी:** अनुजा यादव (शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., विदिशा), तान्या शर्मा (सेंट एस.आर.एस. पब्लिक उ.मा.वि., गंजबासौदा), देवांशी कुशवाह (शास. उ.मा.वि., गुलाबगंज), अंकिता किरार (अशास. रामकृष्ण मेमोरियल उ.मा.वि., विदिशा), रौनक जैन (शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., विदिशा), वैदिका नेमा (शास. कन्या उ.मा.वि., सिरोंज), कु. विशाखा शर्मा (अशास. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि., सरस्वती तलैया, विदिशा), श्री कृष्णम नेमा (शास. नवीन मॉडल उ.मा.वि., सिरोंज), कु. रितिका रघुवंशी (अशास. साकेत शिशु रंजन उ.मा.वि., सिविल लाइन, विदिशा), अनुवेश सक्सेना (अशास. द एनिमेट पब्लिक उ.मा.वि., विदिशा), कु. रौनक यादव (शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., विदिशा)।




शानदार परीक्षा परिणाम आने पर रंग गुलाल के साथ जश्न मनाते सांदीपनि स्कूल विदिशा के विद्यार्थी और शिक्षक। • नवदुनिया

### एनसीईआरटी आधारित तैयारी और नियमित टेस्ट से मिली सफलता

**विशेषज्ञ की राय**



बलराम चौधरी।

कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के पीछे सबसे प्रमुख कारण शिक्षकों द्वारा एनसीईआरटी पैटर्न को केंद्र में रखकर कराई गई व्यवस्थित तैयारी रही। पूरे सत्र में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक आधारित अध्ययन पर जोर दिया गया, जिससे किसी भी महत्वपूर्ण प्रश्न के छूटने की संभावना नहीं रही। इसके साथ ही साप्ताहिक टेस्ट सीरीज का संचालन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की कमजोरियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाबद्ध तरीके से सुधारने पर विशेष ध्यान दिया गया। पिछले पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों का गहन अभ्यास भी इस सफलता का अहम आधार रहा। इससे विद्यार्थियों को प्रश्नों के पैटर्न और उत्तर लेखन की समझ विकसित हुई। हालांकि रसायन शास्त्र के प्रश्न पत्र में कुछ प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन रहे, जिनसे कुछ विद्यार्थियों को परेशानी हुई, अन्यथा परिणाम और बेहतर हो सकता था। कक्षा 10वीं में भी यदि विद्यार्थी नियमित उपस्थिति बनाए रखें और निर्धारित समय सारणी के अनुसार टेस्ट दें, तो परिणाम में और सुधार संभव है। शिक्षकों की सुनियोजित रणनीति और सतत मूल्यांकन प्रणाली ने इस उपलब्धि को सुनिश्चित किया है।

– बलराम चौधरी, प्रभारी प्राचार्य, सांदीपनि स्कूल, विदिशा।

### सांदीपनि स्कूलों ने किया शानदार प्रदर्शन, विदिशा में मना जश्न

जिले में संचालित सांदीपनि स्कूलों ने इस बार कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में शानदार. प्रदर्शन किया है। विदिशा के अलावा गंज बासौदा, ग्यारसपुर, कुरवाई, सिरोंज, नटेरन और लटेरी के स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जिला मुख्यालय पर स्थित सांदीपनि स्कूल में कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें 113 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 109 उत्तीर्ण हुए। इनमें 99 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा 12 का परिणाम 99 प्रतिशत रहा, जिसमें 110 में से 109 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 108 ने प्रथमं श्रेणी हासिल की। पिछले वर्ष की तुलना में विद्यालय ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। कक्षा 10 में जहां परिणाम 94 प्रतिशत था, वहीं इस वर्ष 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कक्षा 12 में पिछले वर्ष 83 प्रतिशत परिणाम रहा था, जो इस बार 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 99 प्रतिशत तक पहुंच गया।